अमर उजाला 24/05/2025

# हरियाणवी लोक नृत्य ने बांधा समां




कार्यक्रम में हरियाणवी नृत्य करते कलाकार। प्रवक्ता

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के डांस क्लब एवं संगीत विभाग द्वारा हरियाणा कला परिषद के सहयोग से एक भव्य एवं अविस्मरणीय हरियाणवी सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा के विशेष सहयोग से आयोजित हुआ। इस अवसर पर हरियाणा कला परिषद की ओर से वरिष्ठ प्रतिनिधि विशाल चोपड़ा उपस्थित रहे। सांस्कृतिक महोत्सव का प्रमुख उद्देश्य हरियाणवी संस्कृति की अनमोल परंपराओं, लोक कला एवं लोक नृत्यों को मंच पर सजीव करना और नई पीढ़ी तक इसकी समृद्ध धरोहर को पहुंचाना रहा। डॉ. पीसी जोशी मेमोरियल ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में दिनेश घरौंडा के नेतृत्व में प्रस्तुत हरियाणवी लोकनृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संवाद